>

Title: Regarding setting up of a washing line and a solar energy panel in Hanumangarh Railway Station, Rajasthan and also restore stalled train services in Ganganagar Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से संबंधित रेलवे समस्याओं की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला जिला हनुमानगढ़ के रेलवे स्टेशन पर एक वाशिंग लाइन का निर्माण और सोलर ऊर्जा पैनल स्थापित किये जाने की बहुत ही आवश्यकता है। हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय होने के साथ-साथ रेलवे के हब के रूप में विकसित हो सकता है, जहां से बहुत-सी एक्सप्रेस और पैसेंजर गाड़ियों का संचालन होता है। भटिंडा जंक्शन जो कि हनुमानगढ़ जंक्शन से लगभग 80 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, में भी वाशिंग लाइन हेतु साध्य नहीं है और न ही पर्याप्त जगह उपलब्ध है, परन्तु हनुमानगढ़ में वाशिंग लाइन हेतु पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध है और इसकी साध्यता भी है। हनुमानगढ़ में कुल 300 एकड़ जमीन मौजूद है, जो कि वाशिंग लाइन के लिए पर्याप्त है। साथ ही सोलर पैनल स्थापित करने से यहां सौर ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा और यह रेलवे स्टेशन एक ग्रीन रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित हो सकेगा।

मेरा रेल मंत्री जी से यह भी निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कोरोना काल के दौरान बंद की गई रेल सेवाओं को भी पुनः बहाल किया जाये ताकि यहां के असंख्य रेल यात्रियों, मजदूर व किसान वर्ग और सेना के जवानों को इन सेवाओं का पुनः लाभ उठाने का अवसर प्रदान हो सके।